VOLUME 14| ISSUE 12| FEBRUARY 2025| MONTHLY| PAGES 44
PUBLISHING DATE : 08/02/2025 | RNI NO.: RAJBIL/2012/44840

ISSN 2393-9281
PRICE
₹300

सिम्पली जयपुर

# SIMPLY JAIPUR™

**DESTINATION FOR YOUR OWN BUSINESS & LIFESTYLE**

First Bi-Lingual (Hindi - English) *Lifestyle* MONTHLY MAGAZINE

e-magazine
www.simplyjaipur.com

RIFF Presents
riff™ Rajasthan International Film Festival (Accredited by FFSI)

SUPPORT BY

## 11th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL - RIFF 2025

Theme : Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Royal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur

RIFF 2025 Pride of Rajasthan Award

*Karanvir Bohra*






**ANANTH MAHADEVAN**
(Indian Film Director)



**MALGORZATA WEJSIS GOLEBIAK**
(Director - Polish Institute of India)



**ARVIND KUMAR WAGHELA**
(Rajasthani Actor)



**MALTI JOSHI FAZLI**
(Wife of Late Nida Fazli)



**PADAMSHRI USTAD ANWAR KHAN MANGANIYAR**
(Indian Musician & Vocalist)

RIFF FILM CLUB™
A platform for film lovers
Presents

riff
Rajasthan International
Film Festival
(Accredited by FFSI)

RAJASTHAN
The Incredible State of India !

# 11th RAJASTHAN
# FILM FESTIV



## Theme : Cinemasthan - Pan

**1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Re**

MULTIPLEX PARTNER
PVR · INOX

- FILM SCREENING
- WORKSHOP
- AWARD NIGHT

AN INITIATIVE BY
RIFF FILM CLUB™ A platform for film lovers

MUTIPLEX PARTNER
PVR · INOX

MALL PARTNER
Ansal Royal Plaza
Jodhpur

TICKETING
district BY ZOMATO

EVENT ASSOCIATE PARTNER
Suresh Rathi — Wealth Creator thru Systematic Investment
भाव कला नृत्य अकादमी — Bhaav Kala Nritya Academy
Trance Events — Ensured Excellence For Events
CoreXart Infotech.
Jashn... A celebration of life

SUPPORT BY

Mehrangarh Museum Trust

NFDC cinemas of india (Ministry of Information & Broadcasting Government of India)

Indian Council for Cultural Relations

Federation of Film Societies of India ( North Region)

NANDRATHI Celebrating 30 Years

म्हारो जोधपुर SERVING THE PEOPLE OF SUNCITY नगर निगम उत्तर

MCJS जोधपुर नगर निगम - दक्षिण

# I INTERNATIONAL
# VAL - RIFF 2025

## orama of Cinema in Rajasthan

**oyal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur, Rajasthan**

- OPEN FORUM (TALK SHOW)
- INTERNATIONAL SEMINAR
- BLACK BOX (VIEWING ROOM FILMS)

★ FREE ★ ENTRY

| PARTNER | TROPHY CREATORS | HOSPITALITY PARTNER | OTT PARTNER | PHOTOGRAPHY PARTNER |
|---|---|---|---|---|
| insider.in | Golden Divine Creations Pvt. Ltd. | The Shanti A Boutique Hotel | CINEMASTHAN The Real Cinema of Rajasthan | Sanjay Studio & Digital Labs (P) Ltd.; Rollyywood |

| | SECURITY PARTNER | MAGAZINE PARTNER | PRINT MEDIA PARTNER | KNOWLEDGE PARTNER |
|---|---|---|---|---|
| DWAPAR PROMOTERS | SHRI RAM ASSOCIATES & SECURITIES | SIMPLY JAIPUR | VOICE OF JAIPUR | JIET UNIVERSE |

# CONTENTS

e-magazine :
www.simplyjaipur.com

## FEBRUARY 2025

### COVER PAGE

SIMPLY COVER STORY

**11th Rajasthan International Film Festival 2025**




SIMPLY COVER STORY


9 राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) 2025 का होगा भव्य आयोजन

10 राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) का हुआ रंगारंग आगाज

12 रिफ सीजन 11 का दूसरा दिन ओटीटी प्लेटफॉर्म से निखर कर सामने आई कई प्रतिभाएं...

14 मायड़ भाषा को समर्पित रहा रिफ का तीसरा दिन

16 फिल्म निर्माताओ को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार फिल्म पॉलिसी पर करें पुनर्विचार रिफ के चौथे दिन कई फिल्मों का हुआ प्रदर्शन

18 पोलिश एम्बेसी के टॉक शो और इंटरनेशनल को-प्रोडक्शन पर बातचीत के साथ रिफ 2025 का हुआ सफल समापन

19 राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 11वें संस्करण का शानदार समापन

22 RIFF 2025 Special Awards







Owner, Publisher, Printer & Editor in Chief
ANSHU HARSH

CEO, Managing Editor & Founder
SOMENDRA HARSH

Sub-Editor
RAJIV PUROHIT

Graphic Designer
ESHAN HARSH

**SIMPLY RAJASTHAN**

> Simply JODHPUR Pages
PRADEEP JOSHI

> Simply AJMER Pages
ANUJ SHARMA

**SIMPLY NATIONAL**

> Simply MUMBAI Pages
MR. KAILASH ADVANI

> Simply HYDERABAD Pages
V. V. MAHESHWAR ROA

> Simply CHENNAI Pages
SAURABH SIKCHI

**SIMPLY INTERNATIONAL**

> Simply NEW YORK Pages
ASHOK VYAS (N.Y., USA)

> Simply CALIFORNIA Pages
KAPIL MOHAN
California (C.A., USA)

ISSN 2393-9281

Registered Office :
SIMPLY JAIPUR
406, 4th Floor, Guru Kripa Tower, C-43, Mahaveer Marg
C-Scheme, Jaipur - 01 (Raj.) INDIA. Ph.: 0141-4014474
E-mail : info@simplyjaipur.in, Web : www.simplyjaipur.in



FOR ADVERTISEMENT AND SUBSCRIPTION
CALL : 9414044548, 9413401555

Re production in whole or part without written permission is strictly prohibited. The content which is contributed by the writers in the magazine SIMPLY JAIPUR is completely his/her responsibility. SIMPLY JAIPUR doesn't take any responsibility for their views and respectives. All disputes are subject to JAIPUR Jurisdiction Only.



406, 4th Floor, "GURU-KRIPA TOWER" , C-43, Mahaveer Marg. C-Scheme,JAI

**24** RIFF 2025 Awards

**27** RIFF 2025 After Party

**30** RIFF 2025 Theme Exhibition 'Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

**32** RIFF 2025 Branding

**33** RIFF 2025 Media Coverages

**34** RIFF 2025 Award List


09



10


12


16


21


14



18


20


19


## » BRAND INSIDE


| | |
|---|---|
| Cinemasthan | 29 |
| Thar Sarvoday Sansthan | 40 |
| ASH Group | 41 |
| RIFF Film Club | 42 |
| RIFF 2026 | 43 |
| Rajasthan Tourism | 44 |



SIMPLY JAIPUR
A COMPLETE DIGITAL SOLUTIONS
Email : info@simplyjaipur.in
Web : www.simplyjaipur.in
promotions news destination wedding public relations print media magazine internet product launching branding events content press conference sharing communication Advertising publicity
Call : 9414044548, 9413401555
PUR - 302001 (Raj.) INDIA | Ph:- +91-141-4014474 | Mob :- +91-94140-44548, 941340155



# EDITORIAL

## बसंत का वैराग

इंसान का जन्म आध्यात्मिक होता है एक  चेतन तत्व से मनुष्य शरीर बनता है और मानव के रूप में जन्म लेने के साथ ही जीवन उत्सवमय हो जाता है। और उस उत्सव में हम इतने खो जाते है है कि जीवन की आध्यात्मिकता को भूल जाते है। कहते है बसंत ऋतुओं का राजा है, जीवन को उल्लासित करती हुई रुत वसंत को ऋतुओं का राजा कहने के पीछे कई कारण हैं जैसे- नई फसल तैयार रहने से उल्लास मांगलिक कार्य,  शादी  विवाह , सुहाना मौसम, हवा के साथ आती कच्चे आम की खुशबू, कोयल की कूक, शीतल मन्द सुरभित हवा, पीले सरसों के खिलते हुए फूल  मतवाला माहौल, सुहानी शाम, फागुन के मदमस्त करने वाले गीत सब मिलकर जीवन को एक अलग उत्साह देते है एक अनुकूल समां बाधते है। यही कारण है कि वसंत को ऋतुराज की संज्ञा दी गई है।

बसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजा भी की जाती है। सरस्वती पूजा करने के पीछे एक पौराणिक कथा है की ब्रह्मा जी ने जब धरती को रंग विहीन और नीरस देखा तो अपने कमंडल से जल छोड़ा जिससे धरती पर  हरियाली छा गयी और वीणा और पुस्तक लिए सरस्वती देवी भी प्रकट हुई फिर ब्रह्माजी ने  उन्हें कहा कि अपनी वीणा के तारों और पुस्तक के ज्ञान से जगत को प्रकाशित करे व् सभी को चैतन्य एवं प्रसन्न करे । इसलिए इस दिन  सरस्वती मां की पूजा की जाती है। सरस्वती ज्ञान और विद्या की देवी है। सरस्वती की आराधना से विद्या आती है, विद्या से विनम्रता, विनम्रता से पात्रता, पात्रता से धन और धन से सुख मिलता है। इस दिन दाम्पत्य जीवन में सुख की कामना से कामदेव और रति की भी पूजा की जाती है। वसंत के दिनों में गुरुद्वारों में राग वसंत में गुरुवाणी का मनोहारी कीर्तन होता है। गुरु ग्रंथ साहिब की वाणी में जो 31 शास्त्रीय राग इस्तेमाल हुए हैं, उनमें एक वसंत राग भी है। फाग गायन भी इसी ऋतु में शुरू हो जाता है / साहित्य तथा सामान्य जीवन में  वसंत ऋतु को कामोन्माद और खूबसूरती  के कारक के रूप में ही अधिक चित्रित किया जाता  है। लेकिन यह वसंत का भौतिक स्वाद है। वसंत का आध्यात्मिक स्वाद इससे भी ज्यादा आनंददायक है।

इस नव सृजन की ऋतु में सूक्ष्म-साकार से मिलता है, और जीवन  महकने और खिलने लगता  है. मौसम भी बहकाने लग जाता है क्योकि एक समय बाद सर्द रातो में जमी धरती पर फिर से आसमान की इनायत होती है .खिलखिलाती हुई धुप से धरती पर नयी कोपले मुस्कुराने लगती है . अति उत्साहित मन चारो तरफ एक मेला देखने लगता है मन रोशन हो जाता है और आशावादी सोच प्रभावी होने लगती है . बसंत ऋतु स्वयं श्री कृष्ण है उनकी लय,ताल,यति-गति और मति से एकात्म हो जाओ. यह समय हवा का हो जाने का है, फूलों का हो जाने का है यह समय निसर्ग में खो जाने का है...


› अंशु हर्ष

ashharsh2000@gmail.com
ashharsh2000
anshuharsh
anshu_harsh

406, 4th Floor, "GURU-KRIPA TOWER" , C-43, Mahaveer Marg, C-Scheme,JAI

We the team of Simply Jaipur, a unique destination for your own lifestyle magazine, welcome you. It is Rajasthan's first BI-LINGUAL monthly lifestyle magazine. As you are aware our current SJ February 2025 Edition is already on the Stands. We Invite your presence in form of advertorial or advertisment in our coming March '25 edition in which we cover top personalities of Jaipur who have contributed in any way to lifestyle, society or through their profession. Our upcoming editions will be based on the customs and traditions of the local area. As well we will be highly delighted if anybody send us Travelogues about different tourist destinations.

We also have our presence online among the readers of all ages through Digital magazine. Our targeted group of reader varies from proactive and dynamic adults to people with higher household incomes.

All editions of SIMPLY JAIPUR are available online also, you can visit our online digital brochure at **www.simplyjaipur.com**. This 44 pages BI-LINGUAL publication features new trends of lifestyle in every edition.

In last four successful years, we have received great response from our readers not only from Rajasthan but also globally.

In our upcoming editions, we look forward to publish Life-style contents and for that we are providing advertising space for the local businesses. We also cater to your presence in form of Display Advertisement, Editorial, or Advertorial.





**SOMENDRA HARSH**
CEO/MANAGING EDITOR & BUSINESS HEAD
M : 9414044548

somendra.harsh@gmail.com
somendra.harsh
somendraharsh
somendraharsh





Follow us :
simply.jaipur
simplyjaipur
SIMPLYJAIPUR

For Advotorial or Advertisement
9414044548, 9413401555

Now on your mobile

Simply Catch All Editions in
ONE CLICK
catch your favorite magazine
www.simplyjaipur.com




सत्यमेव जयते



**मुख्य मंत्री**
राजस्थान

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) का 11वां संस्करण जोधपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसकी थीम "सिनेमास्थान : अ पैनोरमा ऑफ सिनेमा इन राजस्थान" रखी गई है।

सिनेमा मनोरंजन का साधन होने के साथ ही समाज का दर्पण और अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। यह संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का वाहक भी है। अपनी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर और लोककला के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध हमारा राजस्थान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्मकारों के लिए एक पसंदीदा स्थान है। यहां डॉक्यूमेंट्री से लेकर बड़े बजट तक की फिल्मों का निर्माण हो रहा है और हमारी सरकार फिल्मकारों को प्रदेश में फिल्म शूटिंग के लिए आकर्षक स्थल और सुविधाएं प्रदान कर रही है। राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के माध्यम से भी इस क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के प्रयास किए गए हैं।

मुझे विश्वास है कि यह फिल्म फेस्टिवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर को सिनेमा के माध्यम से वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण जरिया बनेगा। यह राज्य में पर्यटन को प्रोत्साहन और सिनेमा के विकास में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा।

मैं राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) 2025 के अवसर पर आयोजकों, फिल्मकारों, कलाकारों और दर्शकों को हार्दिक बधाई देता हूं और इस आयोजन की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(भजन लाल शर्मा)

RIFF FILM CLUB
Presents
riff Rajasthan International Film Festival (Accredited by FFSI)

# 11th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL- RIFF 2025

Theme : Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Royal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur

SUPPORT BY

SUPPORT BY

RIFF 2025 - PRESS CONFERENCE

# राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) 2025 का होगा भव्य आयोजन

## जोधपुर करेगा मेजबानी, ऐतिहासिक मेहरानगढ़ किले में होगी अवॉर्ड नाइट








राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ), जिसे फिल्म सोसाइटीज ऑफ इंडिया नॉर्थ रीजन द्वारा मान्यता प्राप्त है, अपने 11वें संस्करण के साथ लौट रहा है जिसका आयोजन 1 से 5 फरवरी 2025 तक जोधपुर के आयनॉक्स पीवीआर रॉयल अंसल प्लाजा और मेहरानगढ़ किला में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन समारोह आईनॉक्स सिनेमा, रॉयल अंसल प्लाज़ा में आयोजित होगा। यह भव्य और यादगार आयोजन सिनेमा प्रेमियों और फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गजों के लिए एक खास अवसर होगा। इस वर्ष, फेस्टिवल की थीम 'सिनेमास्थान - पैनोरमा ऑफ सिनेमा इन राजस्थान' रखी गई है, जिसके अंतर्गत राजस्थान में फिल्माई गई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय फिल्मों के पोस्टर्स की विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। यह प्रदर्शनी सभी के लिए निःशुल्क होगी, जिससे सिनेमा प्रेमियों को राजस्थान के सिनेमाई इतिहास की झलक देखने को मिलेगी।

फेस्टिवल का यह 11वां संस्करण न केवल राजस्थान के समृद्ध सिनेमा को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करेगा, बल्कि यह 'ढ्रस्न्न की सिनेमा को बढ़ावा देने की 10 वर्षों की यात्रा का भी प्रतीक होगा।

राजस्थानी सिनेमा को विशेष स्थान

- राजस्थान की 15 फिल्मों का रिफ 2025 में चयन हुआ है जिसमे से 11 जोधपुर की फ़िल्में शामिल है।

- 3 फरवरी का दिन विशेष रूप से राजस्थानी सिनेमा को समर्पित रहेगा, जिसमें राजस्थानी सिनेमा और मायड़ भाषा पर केंद्रित टॉक शो का आयोजन किया जाएगा।

इस वर्ष फेस्टिवल में कुल 57 फिल्में चयनित और प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें विभिन्न श्रेणियों की 27 फीचर और 30 नॉन-फीचर फिल्में शामिल हैं। सभी 57 फिल्मों का प्रदर्शन स्क्रीन 1,आयनॉक्स पीवीआर रॉयल अंसल प्लाजा में की जाएगी, जहां प्रवेश निशुल्क होगा।

राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) 2025 में निदा फ़ाज़ली को 'हसरत जयपुरी अवार्ड फॉर कंट्रीब्यूशन ऑफ म्यूजिक इन सिनेमा' से सम्मानित किया जाएगा, जिसे उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मालती जोशी फ़ाज़ली 5 फरवरी को मेहरानगढ़ फोर्ट, जोधपुर में आयोजित अवार्ड नाइट में ग्रहण करेंगी। 1 फरवरी को अतुल पांडे निर्देशित डॉक्यूमेंट्री 'मैं निदा' दिखाई जाएगी, जो निदा फ़ाज़ली की साहित्यिक और सिनेमा यात्रा पर आधारित है, जिसमें दुर्लभ वीडियो, ऑडियो क्लिप्स और कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों की श्रद्धांजलि शामिल हैं।



RIFF FILM CLUB
Presents

# 11th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL- RIFF 2025

Theme : Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Royal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur

SUPPORT BY

SUPPORT BY

DAY 1 1st February, 2025

# राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) का हुआ रंगारंग आगाज

## - उद्घाटन समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां , पहले दिन आधा दर्जन से अधिक फिल्मों का हुआ प्रदर्शन

फिल्म सोसाइटीज ऑफ इंडिया नॉर्थ रीजन से मान्यता प्राप्त राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 11वें संस्करण का शनिवार को रंगारंग उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। आयनॉक्स पीवीआर रॉयल अंसल प्लाजा में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में महापौर उत्तर कुन्ती परिहार मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, वहीं राजस्थान पर्यटन विभाग के उपनिदेशक भानु प्रताप ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वरिष्ठ उद्यमी एवं समाजसेवी पवन मेहता, सुरेश राठी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस अवसर पर महापौर उत्तर कुंती परिहार ने कहा कि राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल प्रदेश की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने का भागीरथी प्रयास है। उन्होंने कहा कि 1960 के दशक से प्रदेश के विभिन्न स्थानों में बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग शुरू हुई थी और ऐसी कई फिल्में हैं जिनकी शूटिंग जोधपुर में हुई और लेकिन हमें इसकी जानकारी नहीं है। इस फिल्म फेस्टिवल के माध्यम से न केवल हमें ज्ञानवर्धक और संस्कृति से जोड़ने वाली फिल्मों को देखने का अवसर मिलेगा, बल्कि हमारी कला और संस्कृति को देश और विदेश के विभिन्न स्थानों में पहुंचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा की फिल्म फेस्टिवल के दौरान लगी फिल्म प्रदर्शनी से युवाओं को बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलेगा।


















पर्यटन विभाग के उपनिदेशक भानु प्रताप ने कहा कि प्रदेश में टूरिस्ट की बहुत अधिक संभावना है और रिफ के माध्यम से हम प्रदेश की कला और संस्कृति को सात समुंदर पार तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे ताकि अधिक से अधिक बॉलीवुड और हॉलीवुड फिल्मों के निर्माता एवं निदेशक राजस्थान की कला और सांस्कृतिक विरासत की तरफ आकर्षित हो सके।

इस अवसर पर रिफ ज्यूरी मेंबर अजीत राय ने कहा कि इस तरह के फिल्म महोत्सव के माध्यम से लोगों की सोच में सकारात्मक परिवर्तन आता है और यह लोग समाज में बदलाव की दिशा में आगे बढ़ते हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया बेहतर होनी चाहिए और जीने लायक होनी चाहिए।

RIFF FILM CLUB
A platform for film lovers
Presents

riff
Rajasthan International Film Festival
(Accredited by FFSI)

# 11th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL- RIFF 2025

Theme : Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Royal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur

SUPPORT BY

RAJASTHAN The Incredible State of India!

SUPPORT BY

NFDC

Federation of Film Societies of India (North Region)

















रिफ के डायरेक्टर सोमेंद्र हर्ष ने कहा कि कई फिल्मों को बड़े प्लेटफॉर्म पर रिलीज़ होने का मौका नहीं मिला, उन्हें बढ़ावा देने के लिए रिफ का आयोजन किया गया है। पिछले 10 वर्षों से रिफ से जुड़ी फ्रांस की मेरिनो बोरगो ने कहा कि जोधपुर एक जादुई शहर है, और मुझे जोधपुरी साफ़े बेहद पसंद हैं। वहीं जूरी मेंबर ऑस्ट्रेलिया के चार्ल्स थॉमसन ने कहा कि रिफ के माध्यम से हम देश-विदेश में ऊंचाइयों को छू सकें और राजस्थान को सिनेमा का केंद्र बना सकें। फाउंडर रिफ अंशु हर्ष ने कार्यक्रम का संचालन किया।

रिफ के उद्घाटन समारोह में गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। भाव नृत्य कला अकादमी की वंशिका, प्राची, परी ने गणेश वंदना प्रस्तुत की इसके बाद आईसीसीआर (अंतरराष्ट्रीय संबंध परिषद) की ओर से हिना और दिव्या ने चरी नृत्य पेश किया। इसके बाद परी, वंशिका, प्राची, वीरा, लविशा और भूमिजा ने पारंपरिक घूमर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया वहीं कपिल के 'रिम भवई' नित्य को देख हर कोई अचंभित रह गया। वही नेहल ने कथक नृत्य की प्रस्तुति दी।

रिफ 2025 के पहले दिन 'रेटॉर अ पोंडीचेरी ' (निर्देशक - डॉ. रघुनाथ मानेट, निर्माता - रघुनाथ मानेट और डिडीयर बेलोक) , 'धींगा गवर' (निर्देशक और निर्माता - सोमेन्द्र हर्ष), 'द फेडिंग सैफायर' (निर्देशक और निर्माता - ईशान हर्ष), 'टिंगल बेल्कु' - द लाइट फॉर द रेस्ट ऑफ द वॉक (निर्देशक - नरेशकुमार हेगड़े डोडमरी, निर्माता- बीजी मण्जुनाथ, विनायक कोडसारा), 'मैं निदा' (निर्देशक - अतुल पांडेय , निर्माता - अतुल गंगवार), 'द इन्वेस्टिगेटर' (निर्देशक - क़ामिल शेख, निर्माता - जेन नेकर, क़ामिल शेख), 'आवान जावन' (निर्देशक - ऋषि सिंह सिसोदिया, निर्माता - गजेंद्र सिंह सिसोदिया एवं टी-सीरीज) , 'लौटते बसंत का प्रेम गीत' (निर्देशक - मुकेश रामराव दुबे, निर्माता - डॉ. अमित डेविड) और 'ब्रह्मायम' (निर्देशक - विश्वस मदीसेटी, निर्माता- नरेंद्र कुमार) का प्रदर्शन हुआ।

RIFF FILM CLUB
Presents
riff Rajasthan International Film Festival (Accredited by FFSI)

# 11th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL- RIFF 2025

Theme : Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Royal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur

SUPPORT BY

SUPPORT BY

DAY 2 — 2nd February, 2025

# रिफ सीजन 11 का दूसरा दिन - ओटीटी प्लेटफॉर्म से निखर कर सामने आई कई प्रतिभाएं...

## - बेहतर कंटेंट के बिना ओटीटी प्लेटफॉर्म पर टिकना मुश्किल , दूसरे दिन भी करीब 12 फिल्मों का हुआ प्रदर्शन

राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 11वें संस्करण के दूसरे दिन रविवार को करीब एक दर्जन हिंदी और गुजराती फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई वही "OTT Raga- Crafting Stories in the Streaming Era" विषय पर टॉक शो का आयोजन किया गया। फ़िल्मि आलोचक अजीत राय की मेजबानी में आयोजित स्टॉक शो में कई विषय विशेषज्ञों ने अपने विचार रखें अजीत राय ने कहा कि पिछले कुछ सालों में स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म की संख्या तेजी से बढ़ी है।




ओटीटी प्लेटफॉर्म से जुड़े अतुल पांडे ने बताया कि वर्तमान में जिस तरह से ओटीटी प्लेटफॉर्म युवाओं की पसंद बन रहा है , वह अच्छे संकेत है, लेकिन ओटीपी प्लेटफार्म पर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए आपके पास बेहतर कंटेंट होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के दर्शक पहले 3 मिनट में ही यह निर्णय कर लेते हैं कि यह कंटेंट उन्हें कनेक्ट करता है या नहीं। यदि पहले 3 मिनट में दर्शकों को कंटेंट पसंद नहीं आया तो वह वहां से दूसरी जगह स्विच करेगा , इसके लिए टेक्नोलॉजी मायने नहीं रखती, बल्कि जो स्ंि प्टिंग की जाती है वह दमदार होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ओटीटी पर सेंसर नहीं है और हम उम्मीद करते हैं कि यह आगे भी जारी रहेगा।












अभय प्रवीण गुप्ता ने कहा कि ओटीटी ने फिल्मी दुनिया में कई लोगों को एक नई पहचान दी है। यदि ओटीटी प्लेटफॉर्म नहीं होता तो कई प्रतिभाशाली स्क्रिप्ट राइटर ,निर्माता, निर्देशक, कैमरामैन शायद अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन नहीं कर पाते।

कर्नल हर्षवर्धन पांडे ने बताया कि राजस्थान के फिल्मकारों के पास हमेशा बेहतर कंटेंट रहा है, पहले टीवी शो में काम करना छोटा माना जाता था, लेकिन आज जिस तरह से ओटीटी ने अपना स्थान हासिल किया है, उसके बाद अब कई फिल्म निर्माता सिनेमा हॉल के साथ-साथ ओटीटी पर भी अपनी फिल्मों का प्रदर्शन कर रहे हैं।

RIFF FILM CLUB
A platform for film lovers
Presents
riff
Rajasthan International Film Festival (Accredited by FFSI)

# 11th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL- RIFF 2025

Theme : Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Royal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur

SUPPORT BY

RAJASTHAN The Incredible State of India !

SUPPORT BY

NFDC

Federation of Film Societies of India (North Region)

पैनल सदस्य मानसी दाधीच ने कहा कि एक जमाना था जब फिल्म देखना एक उत्सव के बराबर होता था, खासतौर से महिला और लड़कियों को फिल्म देखने की स्वीकृति लेने के लिए काफी प्रयास करने पड़ते थे, लेकिन आज समय बदल रहा है। एआई के उपयोग में आने वाले दिनों में आपको अपने मूड के अनुसार कंटेंट मिलेगा। पहले केवल कलाकार के नाम पर ही फिल्में हिट हो जाती थी, लेकिन अब यदि आपकी स्टोरी में कोई कंटेंट नहीं होगा तो वह फिल्म हिट नहीं हो सकती है।

रिफ 2025 के दूसरे दिन 'लुक उप - ड साइंस ऑफ़ कल्चर एवोलुशन' (निर्देशक - नीनी कैरोलाइन स्कारपास माईहरवोल्ड और एस्पेन जान फोल्मो, निर्माता - नीनी कैरोलाइन स्कारपास माईहरवोल्ड एवं एस्पेन जान फोल्मो), 'द लाइट' (निर्देशक - टीम गॉडलीवुड स्टूडियो एवं प्रसाद अजगांवकर, निर्माता - हरीलाल भानुशाली एवं शूजित सरकार), 'नॉट' (निर्देशक - अभय पर्वीन गुप्ता, निर्माता - वंदना गुप्ता, पर्वीन कुमार गुप्ता, अभय पर्वीन गुप्ता, नवनीत कौर धिल्लों), 'भक्ति करता' (निर्देशक - कुशाल भाटी और इंद्रजीत पंवार , निर्माता - अजय पुरोहित), 'मुक्ति - द रिडेम्पशन' (निर्देशक - हर्ष वर्धन पांडे, निर्माता - नीती पांडे), 'बाज़' (निर्देशक - ध्रुव पांडव और चरणपाल सिंह , निर्माता - चरणपाल सिंह), 'प्लॉट नंबर 302' (निर्देशक - विजय सूथार, निर्माता - विजय सूथार एवं विक्रम सिंह), 'सीट बेल्ट'(निर्देशक और निर्माता - सुनील पुरोहित),'बंदी गृह' (निर्देशक - रघु तिरुमला , निर्माता - रघु तिरुमला एवं वेंकटेश्वर राव डग्गु) , 'द बुक ऑफ़ रिवाइवल' (निर्देशक और निर्माता - आशिक शेख), 'गुड की ढाणी' (निर्देशक - अंकित सिंह शेखावत, निर्माता - रजबाला कंवर), 'अप्सरा' (निर्देशक - रघुवंश मोर, निर्माता - रघुराज सिंह), 'पुरानी परिचित' (निर्देशक और निर्माता - सुमेल ब्रार), 'द चाय वाला गाई' (निर्देशक और निर्माता - वीशांत नाथ) 'कबीरस पाथ'(निर्देशक और निर्माता - इंदुभूषण मंडल) और 'सुमा द फ्लावर' (निर्देशक और निर्माता - रश्मि एस) का प्रदर्शन हुआ।













# 11th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL- RIFF 2025

Theme : Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Royal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur

SUPPORT BY

SUPPORT BY

DAY 3 3rd February, 2025

# मायड़ भाषा को समर्पित रहा रिफ का तीसरा दिन , 6 से अधिक राजस्थानी फिल्मों का किया गया प्रदर्शन

TALK SHOW SESSION POWERED BY

## - "रीजनल और राजस्थानी भाषा का भविष्य एवं चुनौतियां" विषय पर हुआ टॉक शो

राजस्थान टूरिज्म एवं मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित हो रहे राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 11वें संस्करण का तीसरा दिन मायड़ भाषा को समर्पित रहा और 6 से अधिक राजस्थानी फिल्मों का प्रदर्शन किया गया जिसकी दर्शकों ने खूब सराहना की। सीमित संसाधनों में फिल्मकारो ने जिस बेहतरीन अंदाज में राजस्थानी कला एवं संस्कृति के साथ-साथ अपनी स्टोरी को प्रदर्शित किया, उसने हर दर्शक को मंत्रमुग्ध कर दिया।

सोमवार को 'रीजनल एवं राजस्थानी भाषा का भविष्य एवं चुनौतियां' और ' सिनेमा के माध्यम से प्रबंधन' विषय पर टॉक शो का आयोजन किया गया, जिसमें विषय विशेषज्ञों ने खुलकर अपने विचार रखें। रीजनल एवं राजस्थानी भाषा का भविष्य एवं चुनौतियां विषय पर आयोजित टॉक शो में अरविंद वाघले ने अपने विचार रखते हुए कहा कि राजस्थान में कला और कलाकारों की कोई कमी नहीं है, और यह विविधता फिल्मों में भी प्रदर्शित होनी चाहिए। हालांकि, बॉलीवुड की नकल करने के बजाय हमें अपनी सांस्कृतिक समृद्धि को सिनेमा में प्रस्तुत करने पर अधिक ध्यान देना चाहिए। वहीं ख्यातिनाम फिल्म निर्माता एवं निदेशक कोमल कोठारी के योगदान को याद किया गया। उन्होंने दस हजार से अधिक लोक कहानियों का संकलन किया और उन्हें पुनः लिखने का भी प्रयास किया। उनके इस




अभूतपूर्व कार्य के कारण प्रकाश झा और मणि कौल जैसे प्रतिष्ठित फिल्म निर्देशक भी उनसे सलाह लेते थे। जब भाषाई पहचान की बात होती है, तो कोमल कोठारी के संकलनों का उल्लेख अवश्य किया जाता है।

राजस्थान की लोक कहानियां अत्यंत समृद्ध हैं, लेकिन आज के दौर में लोग पढ़ने की तुलना में वीडियो और विजुअल फॉर्मेट को अधिक पसंद कर रहे हैं। हालांकि, स्टोरी टेलिंग की परंपरा आज भी प्रचलित है। हेमन्त सिरवी ने कहा कि फिल्मों के माध्यम से संस्कृति को बढ़ावा देना प्रमुख उद्देश्य है। सिनेमा के जरिए अपनी संस्कृति को संरक्षित और प्रचारित किया जाना चाहिए। वर्तमान में प्रतिवर्ष 10 से 15 राजस्थानी फिल्में बन रही हैं, लेकिन अगर सरकार का उचित सहयोग मिले, तो निश्चित रूप से राजस्थानी सिनेमा के स्वर्णिम दिन लौट सकते हैं।



RIFF FILM CLUB
Presents

# 11th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL- RIFF 2025

Theme : Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Royal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur

SUPPORT BY

SUPPORT BY

पैनल सदस्य अभिमन्यु ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि राजस्थानी फिल्मों को दर्शक नहीं मिलते, लेकिन सच्चाई यह है कि ये फिल्में दर्शकों तक सही तरीके से पहुंच ही नहीं पातीं। सिनेमाघरों की भीड़ से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि राजस्थानी फिल्मों को उचित सम्मान और पहचान मिले।टॉक शो के पैनल सदस्य देवेंद्र सिंह  कहा कि जब तक भाषा को मज़बूती नहीं मिलेगी, तब तक वहाँ के लोग राजभाषा से जुड़े नहीं रह पाएंगे।

हेमंत सिवरी (अभिनेता एवं निर्देशक) ने कहा कि 'राजस्थान की कई लोकेशन, यहाँ की संस्कृति और परिधान मेरी फिल्मों में अहम योगदान देते हैं। सोशल मीडिया पर जो दिखता है, युवा उसी को फॉलो करते हैं। हम राजस्थानी भाषा में फिल्में बनाएंगे और दर्शकों को जोड़ेंगे। हमें सरकार का समर्थन चाहिए ताकि एक दिन राजस्थानी सिनेमा को एक बेहतरीन पहचान मिले। वहीं विजय सूथार (निर्देशक) ने कहा कि 'लोग कहते थे कि राजस्थानी सिनेमा नाम की कोई चीज़ नहीं है, यह बात मुझे दिल में चुभती थी। मैंने एक प्रयास किया और 'तावड़ो' फिल्म बनाई। पहले लोगों को राजस्थानी बोलने में शर्म आती थी। पैनल सदस्य अरविंद कुमार वघेला ने बताया कि 'राजस्थान में कला और कलाकारों की कोई कमी नहीं है, मैं मुंबई में भी राजस्थान को जीता हूँ। हम राजस्थान में फिल्में बनाते हैं लेकिन टारगेट सलमान खान को करते हैं, हम गलत दर्शकों को टारगेट कर रहे हैं। अभिनेत्री सुष्मिता ने कहा कि 'यहाँ बजट बहुत कम होता है, इसलिए निर्देशक कम संसाधनों में भी काम निकाल लेते हैं।' दिनेश कुमार ने बताया कि 'बिना प्रमोशन के फिल्म नहीं चलती, स्क्रीन पर भी पैसे देने पड़ते हैं।' वहीं अभिमन्यु (फिल्म निर्माता) ने बताया कि 'थिएटर में बहुत कम फिल्में चल रही हैं। किसी भी भाषा में फिल्म बनाते समय, थिएटर भरने पर ध्यान देने के बजाय यह देखना ज़रूरी है कि फिल्म अच्छी हो, क्योंकि अच्छी फिल्म होगी तो लोग खुद आएंगे। भाषा महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें अपने क्राफ्ट का भी सही इस्तेमाल करना होगा। अगर हम फिल्मों की संख्या बढ़ाएँ और उन्हें ओटीटी पर अपलोड करें, तो धीरे-धीरे दर्शक भी बढ़ेंगे।

रिफ के तीसरे दिन सोमवार को लाइट कैमरा लीडरशिप मैनेजमेंट विषय पर भी टॉक शो हुआ जिसे शिव जोशी ने होस्ट किया। इस विषय पर विचार रखते हुए चार्ल्स ने कहा कि किसी भी फिल्म निर्माण से पहले उसकी प्लानिंग और मैनेजमेंट होना बहुत आवश्यक है। बेहतर प्लानिंग होने से न केवल फिल्म बेहतर बनाती है, बल्कि उसकी कॉस्ट भी काफी कम होती है। फिल्म प्लानिंग में सबसे पहले बेहतर शूटिंग स्थल का चयन किया जाए, साथ ही राज्य और केंद्र सरकार की ओर से दी जाने वाली विभिन्न सब्सिडी के संबंध में भी पूरी जानकारी लेनी चाहिए, ताकि उसका भी लाभ लिया जा



सके। चार्ल्स ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अनुपयोगी नहीं होता है,  जरूरत है उसकी क्षमता को पहचानते हुए उसका बेहतर उपयोग करना और यही एक मैनेजमेंट से जुड़े व्यक्ति का गुण होता है।

रिफ 2025 के तीसरे दिन  'टोकरी' (निर्देशक - धर्मराज पारिख, निर्माता - धर्मराज पारिख, जिग्ना पारिख और जतन पारिख), 'दो चार दाने', (निर्देशक और  निर्माता -  मोहम्मद सलीम मुन्ना भाई), 'म्हारी बीनदणी', (निर्देशक - धर्मेंद्र उपाध्याय और निर्माता - माया देवी उपाध्याय एवं अमित अग्रवाल), 'हर फियर '(निर्देशक और निर्माता- फरीद कैरन), 'आता - 2' (निर्देशक- हेमंत सीरवी, निर्माता- हेमंत सीरवी, गीता देवी), 'मैं थांसु दूर नहीं - लेगेसी ऑफ महाराजा हंवन्त सिंह' (निर्देशक- अभिमन्यु कनोदिया, निर्माता- मेहरानगढ़ म्यूज़ियम ट्रस्ट) 'छोटी सी उम्र', (निर्देशक-  ऋषि सिंह सिसोदिया , निर्माता-  गजेंद्र सिंह सिसोदिया एवं टी-सीरीज), 'ट्रैवेलिंग थ्रू द इम्पॉसिबल रोड' (निर्देशक-  हेमंत देओरा , निर्माता-  अनिल पुरोहित एवं हेमंत देओरा), 'आवाकारा' (निर्देशक- दिनेश राजपुरोहित, निर्माता- चंद्रशेखर जांगिड़ और दिनेश बिश्नोई), 'ए सीक्रेट प्लेग्राउंड' (निर्देशक- बासु देव नाग, निर्माता- निलॉय कांती बिस्वास), 'चौधराईन' (निर्देशक और निर्माताः एन एस गौर), 'रिश्ते' (निर्देशक- बी एम व्यास, निर्माता - थिएटर सेल जेएनवीयू जोधपुर), 'सिकार' (निर्देशक - देबांगकर बोरगोहेन, निर्माता - सम भट्टाचार्जी, मित्रा भट्टाचार्जी) और 'रॉटन सोसाइटी' (निर्देशक- एस एस  जिष्णु देव, निर्माता- जिनू सेलिन, स्निहल राव) का प्रदर्शन हुआ।

RIFF FILM CLUB
A platform for film lovers
Presents

riff
Rajasthan International Film Festival
(Accredited by FFSI)

# 11th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL- RIFF 2025

Theme : Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Royal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur

SUPPORT BY

RAJASTHAN
The Incredible State of India!

SUPPORT BY

NFDC

Federation of Film Societies of India

DAY 4 4th February, 2025

# फिल्म निर्माताओ को आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार फिल्म पॉलिसी पर करें पुनर्विचार - रिफ के चौथे दिन कई फिल्मों का हुआ प्रदर्शन

## - राजस्थान टूरिज्म के सहयोग से "फिल्मों के माध्यम से टूरिज्म को बढ़ावा" विषय पर आयोजित हुआ टॉक शो

राजस्थान टूरिज्म एवं मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित हो रहे राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के 11वें संस्करण के चौथे दिन भी विभिन्न फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई, साथ ही ' सिनेमा के माध्यम से टूरिज्म को बढ़ावा' विषय पर टॉक शो का आयोजन हुआ।

फिल्मों के माध्यम से टूरिज्म को बढ़ावा विषय पर आयोजित इस टॉक शो में फाउंडर रिफ अंशु हर्ष की मेजबानी में राजस्थान टूरिज्म विभाग के उपनिदेशक भानु प्रताप, फिल्म लेखक अनंत महादेवन, होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन आफ राजस्थान के अध्यक्ष तरुण बंसल, होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान, होटल और ट्यूरिज्म एक्सपर्ट पवन मेहता, इंटरनेशनल फिल्म निर्माता राफेल स्टाम्पलेवस्की, राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के फेस्टिवल डायरेक्टर सोमेंद्र हर्ष ने अपने विचार रखें।

फिल्म लेखक एवं निर्देशक अनंत महादेव ने कहा कि राजस्थान एक ऐसा स्थान है जहाँ कहानियों और इतिहास की कोई कमी नहीं है। जोधपुर में चारों मौसम देखने को मिलते हैं, यहाँ पहाड़, रेगिस्तान और नदियाँ—सब कुछ मौजूद है। राजस्थान में एक अनोखा जादू है कि आप कैमरा कहीं भी सेट करें, आपका फ्रेम खूबसूरत ही आएगा। मैं सोमेंद्र हर्ष के साथ राजस्थान में यहाँ के लोगों, संस्कृति, संगीत और परंपराओं पर काम करने के लिए




उत्साहित हूँ। उन्होंने कहा कि मैं एक ऐसी शो-रील बनाना चाहता हूँ कि यदि किसी को राजस्थान देखना हो, तो वह इस फिल्म को देखे।

राजस्थान शूटिंग के लिए सबसे आकर्षक स्थानों में से एक है, विशेष रूप से सर्दियों में, और मैं यहाँ काम करने को लेकर उत्सुक हूँ। अनंत महादेवन ने तरुण बंसल से आग्रह किया कि फिल्म निर्माताओं के लिए राजस्थान में



पूरी शूटिंग करने हेतु बेहतर पैकेज और इंसेंटिव की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि जिस भी शहर में फिल्म की



RIFF FILM CLUB Presents

# 11th RAJASTHAN INTERNATIONAL FILM FESTIVAL- RIFF 2025

Theme : Cinemasthan - Panorama of Cinema in Rajasthan

1st - 5th February 2025 | INOX - PVR, Ansal Royal Plaza & Mehrangarh Fort, Jodhpur

SUPPORT BY

SUPPORT BY

शूटिंग हो, उस शहर को क्रेडिट में उल्लेखित किया जाए ताकि राजस्थान के ये शहर भी प्रसिद्ध हों।

राजस्थान टूरिज्म विभाग के उपदेश भानु प्रताप ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से हाल ही में जो टूरिज्म पॉलिसी लागू की गई है उसमें फिल्म इंडस्ट्री के लिए भी बहुत सारी सुविधाएं दी गई है , साथ ही फिल्म निर्माता को बेहतर इंसेंटिव एवं सुविधाओं देने का भी प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि इसमें और किसी बदलाव की आवश्यकता होगी तो निश्चित रूप से राज्य सरकार सकारात्मक रुख दिखाएगी।

राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के फेस्टिवल डायरेक्टर सोमेंद्र हर्ष ने केंद्र सरकार की ओर से फिल्म निर्माण स्वीकृति के लिए बनाए गए सिंगल विंडो सिस्टम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे काफी सुविधा मिली है, साथ ही उन्होंने मांग रखी कि जिस प्रकार अन्य प्रदेश में प्रादेशिक फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधा दी जा रही है उसी प्रकार राज्य सरकार को भी अन्य राज्यों से अपनी पॉलिसी की तुलना करते हुए फिल्म निर्माता निर्देशकों को दी जाने वाली इंसेंटिव राशि एवं सुविधाओं को बढ़ाना चाहिए।

होटल एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष तरुण बंसल ने कहा कि फिल्म टूरिज्म के माध्यम से होटल इंडस्ट्री को सीधा लाभ मिलता है, जितनी अधिक फिल्में राजस्थान में बनेंगी, उतने ही अधिक लोग इस स्थान की ओर आकर्षित होंगे।

होटल उद्यमी पवन मेहता ने कहा कि पर्यटन को बढ़ाने में फिल्म इंडस्ट्रीज का बहुत बड़ा रोल है और यदि राजस्थान के कल्चर को सही तरीके से प्रदर्शित किया जाए तो टूरिस्ट इंडस्ट्रीज में बहुत बड़ा बूम आ सकता है।



उन्होंने बताया कि जोधपुर में 'किम बेकरी' नामक एक बेकरी खुली, जो अनंत महादेवन की फिल्म से प्रेरित होकर शुरू की गई है। सरकार उन फिल्म निर्माताओं को 2 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि देती है, जो राजस्थान में शूटिंग करते हैं। होटल फेडरेशन आफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि जिस प्रदेश की फिल्में जितनी प्रसिद्ध होती हैं, वहाँ लोग उतना अधिक जाना पसंद करते हैं। राजस्थान में पहाड़, रेगिस्तान और नदियाँ जैसी सभी प्राकृतिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। होटल इंडस्ट्रीज की ओर से भी फिल्म शूटिंग के आने वाले सभी लोगों को बेहतर से बेहतर सुविधा देने का प्रयास करते हैं।राजस्थान की पहचान को बढ़ाने में फिल्मों का बहुत बड़ा योगदान है।

